दिनांक 08.05.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश में भीषण गर्मी से सामान्य जनजीवन प्रभावित–जोधपुर, बीकानेर संभाग में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर।
- बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में दुधवा खुर्द गांव के एक पोलिंग बूथ पर आज हुए पुनर्मतदान में 67 प्रतिशत से ज्यादा वोट पड़े।
- प्रदेश में चिकित्सा विभाग कल विशेष निरीक्षण और जागरूकता अभियान चलायेगा।

और

- देशभर में एयर इंडिया एक्सप्रेस के क्रू मेंबर्स के अचानक छुट्टी जाने से जयपुर एयरपोर्ट से संचालित होने वाली उडानों पर भी असर पड़ा।

000

प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी से सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा है। आज जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ स्थानों पर लू की स्थिति रही। जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। बाडमेर और जैसलमेर जिलों में आज भीषण गर्मी के कारण दिन में सड़कें सूनी रहीं। हमारे बाडमेर संवाददाता की रिपोर्ट–

------------------------

जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग में कुछ स्थानों पर दिन का पारा 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में तेज गर्मी का असर रहा। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कल भी भीषण गर्मी का असर रहेगा इसके बाद परसों से तापमान में गिरावट से गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

----------------------

भीषण गर्मी के मद्दे नजर शिक्षा विभाग ने जिला कलेक्टरों से स्थानीय जरूरत के अनुसार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के स्कूलों में अवकाश घोषित करने या समय बदलने को कहा है। इन आदेशों के बाद करौली और भरतपुर जिले में पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए कल से 11 मई तक छुट्टी कर दी गई है। बाडमेर जिले में 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिये कल और परसों अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह झुन्झुनूं, नागौर, शाहपुरा, भीलवाडा और कोटा में उच्च प्राथमिक स्तर तक के स्कूलों का समय सुबह का कर दिया गया है।

जिलों में लू और तापघात से बचाव के लिये चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवाइज़री जारी की गई है, वहीं अस्पतालों में गर्मी जनित बीमारियों के मरीजों के उपचार के लिये माकूल बन्दोबस्त किये गये हैं। झालावाड जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने आमजन से तेज धूप और लू से बचने की अपील की है। उन्होंने अस्पतालों और स्कूलों में गर्मी के दौरान किये गये प्रबन्धों की जानकारी दी।

-------------------

000

बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में दुधवा खुर्द गांव के एक पोलिंग बूथ पर आज हुए पुनर्मतदान में 67 दशमलव 07 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान कुल पंजीकृत 1 हजार 294 मतदाताओं में से 868 लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। पुनर्मतदान के लिए प्रशासन और पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गये। पोलिंग बूथ पर वेबकास्टिंग की गई तथा मतदान के बाद निर्वाचन सामग्री बाड़मेर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाये गये स्ट्राँग रूम में पहुंचा दी गई हैं।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति निवास पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति से विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। राज्यपाल मिश्र की राष्ट्रपति से यह शिष्टाचार भेंट थी।

000

पाली में आज हज यात्रियों के टीकाकरण और अन्य जानकारी के लिये शिविर लगाया गया। शहर के मुस्लिम मुसाफिर खाने में आयोजित इस शिविर में सुबह से ही हज यात्रियों की भीड़ रही। पाली जिले से हज यात्रा के लिये 80 लोगों का चयन हुआ है।

000

बूंदी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने आज माटूंदा और दौलाडा गांवों में मनेरगा कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य स्थल पर श्रमिकों के लिए छाया, पीने का पानी और छोटे बच्चों के लिए देखभाल की व्यवस्था के निर्देश दिए।

000

-----------------------

प्रदेश में चिकित्सा विभाग द्वारा कल से विशेष निरीक्षण और जागरूकता अभियान चलाया जायगा। इस अभियान के तहत जच्चा बच्चा की सेहत को लेकर सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मौसमी बीमारियों, लू–तापघात और गर्मी जनित बीमारियों के प्रबंधन संबंधी तैयारियों का सघन निरीक्षण किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव से लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी चिकित्सा संस्थानों का एक साथ निरीक्षण करेंगे। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि कल प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस और मातृ शिशु स्वास्थ्य पोषण दिवस एक साथ हैं। इस अवसर पर विभाग की ओर से मातृ और शिशु स्वास्थ्य को लेकर आमजन को जागरूक भी किया जाएगा। श्रीमती सिंह ने बताया कि इसके तहत 27 आकांक्षी ब्लॉक का विशेष निरीक्षण करने के लिए राज्य स्तर से टीमों का गठन किया गया है।

000

आज विश्व रैडक्रॉस और रेड क्रिसेंट–डे है। ये दिन संरक्षण, सहायता, स्वास्थ्य, सामाजिक सहायता और एकजुटता की आवश्यकता वाले लोगों के साथ काम करने वाले लाखों कर्मचारी और स्वयं सेवकों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए मनाया जाता है।

अग्रणी स्विस स्वयं सेवक हेनरी ड्यूनेंट ने लगभग एक सौ साठ वर्ष पहले अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट आन्दोलन की शुरूआत की थी। यह आन्दोलन साठ करोड़ लोगों का एक विश्वस्तरीय मानवीय नेटवर्क है, जो आपदा, संघर्ष, स्वास्थ्य तथा सामाजिक समस्या का सामना करने वाले लोगों की सहायता करता है।

इस अवसर पर प्रदेश में रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किये गये। डूंगरपुर में हुए कार्यक्रम में देहदान का संकल्प लेने वाले लोगों और रक्तदाताओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री मूलचन्द लोढ़ा ने विश्व रैड क्रॉस दिवस समारोह को सम्बोधित किया।

अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसायटी बूंदी की ओर से सामान्य चिकित्सालय में 4 व्हील चेयर भेंट की गई। साथ ही मरीजों को ग्लूकोज और बिस्किट के पैकेट देकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

चूरू के सरकारी अस्पताल में जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने मरीजों को फल बांटे।

000

थैलेसीमिया रोग की रोकथाम और उपचार के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिये आज विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया जा रहा है। इस रोग में शरीर में पर्याप्त मात्रा में हीमोग्लोबिन नहीं बनता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य आनुवांशिक परीक्षण के महत्व पर जोर देना और सभी के लिए न्यायसंगत और गुणवत्तापूर्ण उपचार की पहुंच की वकालत करके थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों का समर्थन करना है। विश्व थैलेसीमिया दिवस पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम हुए।

अलवर में निजी संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 40 छोटे बच्चों की सीबीसी, फेरेटीन, एलएफटी, टीएफटी की जांच निःशुल्क की गई।

जोधपुर में प्रसव पूर्व ही गर्भस्थ शिशु में थैलेसीमिया की जांच की सुविधा एम्स में शुरू की गई है। अब तक थैलेसीमिया से ग्रसित करीब 50 बच्चों के माता–पिता ने फिर से संतान सुख के लिए यह जांच करवाई।

000

एयर इंडिया एक्सप्रेस के क्रू मेंबर्स के अचानक छुट्टी पर चले जाने के कारण जयपुर एयरपोर्ट से संचालित होने वाली उडानों पर भी असर पड़ा है। इसकी वजह से आज दिल्ली से जयपुर आने वाली और जयपुर से दिल्ली जाने वाली दो फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से हैदराबाद और बेंगलुरू जाने और वहां से आने वाली आठ उड़ानों को निलम्बित कर दिया गया है। ये उड़ाने अगले सात दिन निलंबित रहेंगी। गौरतलब है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस के क्रू मैंबर्स के हड़ताल पर जाने के कारण पूरे देश में हवाई उड़ानों पर असर पड़ा है और कई उड़ानें रद्द की गयी हैं।

000

करौली जिले में बरखेड़ा नदी के पुल पर मोटरसाईकिल और जीप की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर टोंक जिले के टोडा रायसिंह में एक कॉलेज छात्रा की बस से उतरते समय गिरने से मृत्यु हो गई। हनुमानगढ में दो ट्रकों के बीच हुई टक्कर के बाद आग लगने से एक चालक जिन्दा जल गया। दूसरे ट्रक चालक को मामूली चोटें आई हैं।

000

दौसा के सरकारी स्कूल में आज पुलिस ने मोक ड्रिल की। आंतरिक सुरक्षा के लिये की गई इस ड्रिल में स्कूल में हथियार बंद आतंकियों द्वारा बच्चों को बंधक बनाने की सूचना पर कार्रवाई की गई जिसमें पुलिस ने

सफलतापूर्वक नकाबपोश आंतकवादियों को कब्जे में ले लिया। इससे पहले स्कूल में आतंकवादी होने की सूचना मिलने पर क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई, लेकिन मोक ड्रिल की जानकारी मिलने पर लोगों ने चैन की सांस ली।

000